हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 23 नवंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 15. 0 डिग्री

दवा विक्रय के दौरान सावधानी बरतने के साथ साथ दस्तावेज को रखें अपडेटः गेंदले

2



## खबर संक्षेप

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में 19 नवम्बर को वीरांगना दिवस के अवसर पर डाइट, जांजगीर, शासकीय जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यायल जांजगीर में वीरांगनाओं से प्रेरणा-समाज में सकारात्मक बदलाव की थीम पर जागरूकता सह कार्याशाला आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि कार्यशाला में बालिकाओं को भारतीय इतिहास की वीरांगनाओं रानी लक्ष्मीबाई, रानी अवंतीबाई, सावित्रीबाई फुले, मिनीमाता एवं बहादुर कलारिन के जीवन से प्रेरणा लेकर आत्मनिर्भर और सशक्त बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाएँ राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और छात्राओं को भी परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही साइबर बुलिंग, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, नवा बिहान, बाल संरक्षण इकाई व चाइल्ड लाइन योजना की जानकारी प्रदान की गई। सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा उपलब्ध सेवाओं परामर्श, चिकित्सीय व विधिक सहायता, पुलिस सहायता, अस्थाई आश्रय और हेल्पलाइन 181 व डायल 112 के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान केन्द्र प्रशासक, सखी वन स्टॉप सेंटर जांजगीर सुश्री एच. निशा खान, सायको सोशल-काउंसलर श्रीमती सरस्वती सोनी, कैसवर्कर श्रीमती सुष्मा सिंह, कॉलेज के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थे।

### भादा, गाड़ापाली, केराकछार, चाम्पा और बोरसी घाट की हुई नीलामी

# जिले में 5 रेत खदान का हुआ ठेका आवेदन से खजाने में आए 85 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में रेत घाट की नीलामी की प्रक्रिया इन दिनों तेजी से चल रही है। पांच रेत घाट के लिए नीलामी बोली के बाद ठेका तय कर दिया गया है। इन घाटों के लिए 850 आवेदन आए थे। आवेदन से ही सरकार को 85 लाख रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले से होकर हसदेव और महानदी गुजरी है। नदी के तट से रेत के अवैध खुदाई की शिकायतें लगातार सामने आती रहती है। इससे जहां नदियों का सीना छलनी हो रहा है, वहीं रेत की चोरी से सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। जिले में दर्जनभर रेत घाटों के ठेका की प्रक्रिया इन दिनों चल रही है। इसी कड़ी में 5 रेत खदान के नीलामी की प्रक्रिया पूरी की गई। भादा, गाड़ापाली, केराकछार, चाम्पा और बोरसी रेत खदान का ठेका पाने 850 आवेदन जमा हुए थे। आवेदन से ही सरकार को 85 लाख रुपए का राजस्व मिला है। भादा रेत खदान के लिए 188 आवेदन आए थे। इनमें से 6 अपात्र हुए, वहीं 182 आवेदन वैध मिले। इस खदान का ठेका विपुल जैन को मिला। इसी तरह गाड़ापाली खदान के लिए मिले 159 आवेदन में से 4 अपात्र हो गए। बाकी 155 आवेदन लॉटरी के लिए पात्र पाए गए। इस खदान का ठेका बबिता अग्रवाल के नाम पर निकला।



हसदेव नदी के तट का रेत घाट।

### सिंडीकेट बनाकर किए आवेदन

रेत घाट का ठेका पाने कई सिंडीकेट भी बने। एक आवेदन का शुल्क 10 हजार रुपए तय किया गया है। ऐसे में नीलामी के लिए कई ग्रुप बनाकर भी आवेदन किए गए। पूर्व में होने वाले शराब ठेके की तरह ही रेत ठेका के लिए भी ठेकेदारों ने हथकंडे अपनाए। अपने करीबियों और रिश्तेदारों के नाम से भी कई आवेदन जमा किए गए। केराकछार खदान के लिए सर्वाधिक 320 आवेदन जमा किए गए थे। ठेकेदारों के बीच इस तरह की प्रतिस्पर्धा से थोक में आवेदन जमा हुए, जिससे सरकार के खाते में आवेदन शुल्क के माध्यम से अच्छी खासी राशि जमा हुई।

केराकछार खदान के लिए सर्वाधिक 320 लोगों ने आवेदन किया था। प्राप्त आवेदन में से 8 अपात्र तो 312 आवेदन पात्र मिले। आशीष भार्गव को इस खदान का ठेका मिला। चाम्पा रेत खदान के लिए जमा हुए 123 आवेदन में से 3 अपात्र हो गए। वहीं 120 आवेदन लॉटरी के लिए वैध पाए गए। इस खदान का ठेका शांतालाल साहू को मिला। बोरसी रेत खदान के लिए 60 लोगों ने आवेदन किया था। इनमें से 7 अपात्र हो गए। वहीं नीलामी के लिए 53 आवेदन वैध मिले।अमन शर्मा को इस खदान का ठेका मिला। इस तरह जिले के 5 रेत खदान के ठेका की प्रक्रिया पूरी हो गई। इससे पहले 3 रेत घाट की नीलामी हो चुकी है। अब तक जिले में 8 खदान का ठेका हो चुका है। जिले में हसदेव और महानदी के तट से रेत के अवैध उत्खनन के मामले लगातार सामने आते रहते है। विभाग द्वारा रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई भी की जा रही है। खदानो का ठेका होने के बाद अब रेत की चोरी पर लगाम लगेगा और सरकार का राजस्व बढ़ेगा।

#### कर रहे ठेका

जिले में रेत के अवैध कारोबार पर रोक लगाने तमाम प्रयास जारी है। 5 रेत खदानों के लिए नीलामी की प्रक्रिया कर ठेका जारी किया गया है। आगे भी कुछ घाट के लिए नीलामी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**-अनिल साहू,**
जिला खनिज अधिकारी, जांजगीर चांपा

# बंद मिला प्रायमरी स्कूल, बच्चे करते रहे शिक्षकों के आने का इंतजार

### नवागढ़ ब्लाक के आमापाली-खिसोरा का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



स्कूल का बंद गेट और शिक्षकों के आने का इंतजार करते बच्चे।

नवागढ़ ब्लाक के एक सरकारी प्राथमिक शाला का ताला शनिवार को बंद मिला। बच्चे स्कूल में शिक्षकों के आने का इंतजार करते रहे। आखिरकार 2 घंटे बाद एक शिक्षक पहुंचे और तब जाकर स्कूल का ताला खुल सका। इस तरह हुई लापरवाही के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई। साथ ही शिक्षकों की लापरवाही भी सामने आई।

नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत आमापाली खिसोरा के शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षकों की लापरवाही शनिवार 22 नवंबर को सामने आई। स्कूल का संचालन सुबह की पाली में 7:30 से 11:30 तक किया जाता है। बच्चे तैयार होकर समय पर स्कूल पहुंचे, लेकिन स्कूल का ताला बंद मिला। बच्चे काफी देर तक शिक्षकों के आने का इंतजार करते रहे। इधर स्कूल बंद होने की सूचना पर ग्रामीण भी हरकत में आ गए। स्कूल में पदस्थ शिक्षक एवं प्रधान पाठक से फोन पर चर्चा की। इसके बाद स्टाफ के एक शिक्षक मौके पर पहुंचे और स्कूल का ताला खुलवाया गया। बताया जाता है कि इस प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक विद्यालय का संचालन होता है। साथ ही करीब 40 से अधिक बच्चे स्कूल में अध्यनरत है। ऐसे में शिक्षकों के स्कूल नहीं पहुंचने से विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। इसके अलावा कई सरकारी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों में कई शिक्षक मतदाता गहन पुनरीक्षण के कामों में लगे होने का बहाना बनाकर स्कूल से नदारत रहते हैं। जिसका असर बच्चों के पढ़ाई लिखाई में पड़ रहा है।

#### मामला लेंगे संज्ञान में

प्राथमिक स्कूल में ताला लटके होने के साथ शिक्षकों के नहीं पहुंचने के मामले को लेकर जानकारी ली जाएगी तत्पश्चात आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**-अशोक कुमार सिन्हा,**
जिला शिक्षा अधिकारी
जांजगीर चांपा

## फर्जी जमीन बिक्री के मामले में आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**जांजगीर-चांपा।** जमीन बिक्री करने के मामले में 2 लाख 50 हजार की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को सीटी कोतवाली पुलिस ने चंद घंटे में गिरफ्तार करते हुए त्वरित कार्यवाही की गयी।

जांजगीर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी सुनिल सिंह पिता श्याम सिंह 39 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 6 अनंत बिहार कॉलोनी जांजगीर द्वारा प्रार्थी रजत सुल्तानिया निवासी नैला को जांजगीर के कैनाल सिटी आगे वृंदावन कॉलोनी में दूसरे की जमीन को दिखाकर गलत चौहद्दी तैयार कर उसका उपयोग कर रास्ते की जमीन को बिक्री कर दिया जिसकी सूचना रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध 21 नवम्बर को थाना जांजगीर में द्वारा दूसरे जमीन को चौहद्दी बताकर कूटरचना कर विक्रय पत्र निष्पादित कर किया। 2 लाख 50 हजार रुपये को प्रार्थी से प्राप्त करना जुर्म स्वीकार किए जाने पर आरोपी के विरुद्ध धारा 318 (4), 338, 336(3), 340 (2 ) बीएनएस के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड रिमांड पर भेजा गया।



## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित


**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 4 और आंगनबाड़ी सहायिका के 10 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक आमंत्रित किये गये हैं। एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय कटघोरा से प्राप्त जानकारी अनुसार कटघोरा परियोजना अंतर्गत ग्राम धंवईपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र नवापारा कमांक 1, ग्राम खोडरी के आंगनबाड़ी केन्द्र खोडरी क्रमांक 2, ग्राम ढपढप के आंगनबाड़ी केन्द्र ढपढप क्ररमांक 1 और नगर पालिका दीपका के वार्ड क्रमांक 7 के आंगनबाड़ी केन्द्र दीपका क्रमांक 5 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र मंगाये गये हैं। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे कार्यालय बाल विकास परियोजना में सीधे अथवा पंजीकृत/साधारण डाक के माध्यम से भेजा जा सकता है।

### धान खरीदी हेतु समितियों में प्रभारी अधिकारी नामांकित का संशोधित आदेश जारी

**कोरबा।** खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं वित्तीय प्रशासकीय प्रबंधन का कार्य संयुक्त रूप से समिति प्रबंधक के साथ शासकीय विभागों के अधिकारियों को समिति स्तर पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी हेतु प्रभारी अधिकारी नामांकित किये जाने के जारी पूर्व आदेश को संशोधित किया गया है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार विकासखंड कटघोरा अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अखरापाली हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मुकेष कुमार लहरे, कटघोरा- खाद्य निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार लांझी, छुरीकला-सहकारिता निरीक्षक सुस्मिता लकड़ा, जवाली- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मीनाक्षी ठाकुर, दूरपा- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी धनेष्वर प्रसाद लहरे और समिति भिलाईबाजार हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रामलाल रविन्द्र को प्रभारी अधिकारी नामांकित किया गया है।

### शादी समारोह में यूपी गया था परिवार लाखों का माल पार कर दिया चोरों ने

**कोरबा।** एक परिवार शादी समारोह में शामिल




होने के लिए यूपी गये हुए थे। इस बीच सूनेपन का फायदा उठाते हुए घर का ताला तोड़कर घर में रखे सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत सामने आने पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की छानबीन शुरु कर दी है। सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ीबहार निवासी रामअवध प्रसाद पिता गौरी शंकर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसका भाई छबीनाथ प्रसाद जो कि रूदनगर खरमोरा में रहता है। जो विगत दिनों अपनी पत्नी सुनीता देवी के साथ विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने उत्तर प्रदेश गये हुआ था। इस दौरान उसके घर में ताला लगा हुआ था और अज्ञात चोरों ने छबीनाथ के घर का ताला तोड़कर घर में रखे गले का सोने का लॉकेट, कान का सोने का झुमका, पैर का चांदी का पायल सहित लाखों का माल पार कर दिया है। चोरी की वारदात को अंजाम देने के दौरान चोरों की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना स्थल पहुंचे पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

### आरक्षक ने महिला का किया दैहिक शोषण, मामला दर्ज

**कोरबा।** जिला पुलिस बल में पदस्थ आरक्षक पर महिला ने शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरक्षक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यातायात में पदस्थ आरक्षक पवन चंद्रा पर महिला ने बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि महिला पूर्व में अपने पति से तलाक ले चुकी थी और इस बीच वह पवन के संपर्क में आयी थी और पवन महिला को घुमाने के बहाने बाहर ले जाता था और शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया था। पवन पूर्व से शादीशुदा है, बताया जाता है कि महिला नेपिछले दिनों पवन पर शादी का दबाव बनायी थी जब पवन शादी से मुकर गया तो महिला ने इस मामले की लिखित शिकायत सीएसईबी चौकी पुलिस से की। पुलिस ने मामले में आरक्षक पवन के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को

**कोरबा।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक जिले के 31 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। जिसमें कुल 9 हजार 502 परीक्षार्थी शामिल होंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देशों के तहत सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेगा। परीक्षार्थियों के लिये निर्देश जारी किया गया है कि परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व 11.30 बजे बंद कर दिया जायेगा।

जिला औषधि विक्रेता कार्यशाला के दौरान मेडिकल संचालकों को दिए निर्देश

# दवा विक्रय के दौरान सावधानी बरतने के साथ साथ दस्तावेज को रखें अपडेट: गेंदले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

दवा विक्रय के दौरान सावधानीपूर्वक मेडिकल सामानों की बिक्री करें। साथ ही साथ संस्थान के दस्तावेज को अपडेट करके रखे। ताकि किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। इसे लेकर सक्ती में जिला औषधि विक्रेता संघ की कार्यशाला आयोजित की गई।

ज्ञात हो कि जिला औषधि विक्रेता संघ जांजगीर चाम्पा द्वारा 20 नवंबर को शक्ति की हटरी धर्मशाला में शक्ति जिले के केमिस्ट की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एनआरएक्स जागरूकता को लेकर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि, भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर पूजा अर्चना, दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात आगंतुक खाद्य औषधि प्रशासन विभाग जिला जांजगीर चाम्पा के एडीसी सहायक ड्रग कंट्रोलर रविंद्र गेंदले, ड्रग इंस्पेक्टर दुर्गेश कैवर्त, ड्रग इंस्पेक्टर हितेंद्र बम्बोडे, ड्रग इंस्पेक्टर भुवनेश्वर मोहले, जिला औषधि विक्रेता संघ जांजगीर चाम्पा के अध्यक्ष अविनाश शर्मा,सचिव पवन पालीवाल, कोषाध्यक्ष दीपक गोयल, उपाध्यक्ष जितेंद्र केशरवानी, सह सचिव मुकेश सिंह, संगठन मंत्री हरीश शितलानी का शक्ति एवं जिले के विभिन्न स्थानों के केमिस्ट साथियों एवं संघ के सदस्यों ने स्वागत करते हुए उन्हें माला एवं दुपट्टा भी पहनाया। इस दौरान कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन देते हुए विनोद बंसल ने कहा कि आज यह एक दिवसीय कार्यशाला केमिस्ट साथियों की जानकारी के लिए रखी गई है तथा इस कार्यशाला के माध्यम से हमें अपने व्यवसाय का कैसे अच्छे ढंग से संचालन करना है इसकी जानकारी दी जाएगी। वहीं कार्यशाला को विजय डालमिया एवं ईश्वर अग्रवाल ने भी संबोधित किया तथा समय-समय पर अपने व्यापार को अपडेट करने की भी बात कही। कार्यशाला को संबोधित करते हुए एडीसी सहायक ड्रग कंट्रोलर रविंद्र गेंदले ने बहुत ही विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए सभी केमिस्ट साथियों को विभाग के दिशा निर्देशों का पालन करने एवं दवाइयो के विक्रय के दौरान सावधानी रखने एवं अपने व्यापार को समय के हिसाब से अपडेट करने का भी आग्रह किया साथ ही कहा कि वर्तमान में आसपास के अगल-बगल के राज्यों में आए दिन हो रही घटनाओं को देखते हुए विभाग भी काफी सजग एवं सचेत है, तथा हमें अपने व्यापार में पूर्ण रूप से सावधानी रखनी है। कार्यशाला को ड्रग इंस्पेक्टर दुर्गेश कैवर्त, हितेंद्र बम्बोडे ने आग्रह किया कि समय-समय पर विभाग द्वारा आपकी दुकानों में जाकर निरीक्षण किया जाता है, एवं निरीक्षण के दौरान सभी दस्तावेज पूर्ण हो एवं किसी भी प्रकार की कमी ना हो तथा विभाग के दिशा निर्देशों का अच्छे ढंग से पालन करना है। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष अविनाश शर्मा, पवन पालीवाल, दीपक गोयल, जितेंद्र केशरवानी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि जिला औषधि विक्रेता संघ जांजगीर चाम्पा द्वारा सदैव संघ के सदस्यों के हित में एवं केमिस्ट साथियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इस दिशा में काम किया जा रहा है। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुए संघ के जिला सहसचिव मुकेश सिंह ने आगंतुक सभी अतिथियों एवं केमिस्ट साथियों का धन्यवाद ज्ञापित कियाकार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी केमिस्ट साथियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई तो वहीं वर्तमान में चल रहे विशेष पुनरीक्षण कार्य को लेकर भी चर्चा की गई।


कार्यशाला में शामिल जिला औषधि विक्रेता संघ के पदाधिकारी।


,एसपी से मुलाकात करने पहुंचे नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के सदस्य।

## नशा मुक्ति अभियान को लेकर एसपी ने सुरक्षा फाउंडेशन के सदस्यों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने एसपी से मुलाकात की। इस बीच एसपी ने नशा मुक्ति अभियान को लेकर फाउंडेशन के पदाधिकारियों से चर्चा की।

नागरिक सुरक्षा फाउडेशन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार 21 नवंबर को एस.पी प्रफुल्ल सिंह ठाकुर का गुलदस्ता भेटकर स्वागत किया। फाउंडेशन के सदस्यों का परिचय जिला अध्यक्ष रामनरेश यादव ने कराया एवं छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के बारे में बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य आम नागरिको को न्याय दिलाना एवं महिला का सहयोग करना बेजुबान जानवरों की सुरक्षा एवं सेवा करना है। एसपी ने नशा मुक्ति पर फाउंडेशन के सदस्यों से सहयोग करने की अपील की कहा कि नशे के कारण युवा गलत रास्ते पर चल रहे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र, जिला अध्यक्ष रामनरेश यादव,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार गवेल, प्रदेश सचिव दीपक गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम पटेल, सचिव आयुष शर्मा, सह सचिव नितिन सोनी, प्रवक्ता राजीव लोचन सिंह ठाकुर, सहसचिव गोपाल गौतम, भुरु अग्रवाल मीडिया प्रभारी नारायण युवा अध्यक्ष अमन डालमिया ओकार यादव,देवाशीष पटेल, महिला अध्यक्ष श्रीमती नेहा गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती विद्या साहू, कोषाध्यक्ष श्रीमती झरना साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती दीपमाला राठौर, निखिल चंद्रा आदि लोग उपस्थित थे।


## स्वास्थ्य शिविर में 153 मरीजों की हुई जांच, हुए लाभान्वित

**जैजैपुर।** निशुल्क अस्थि खनिज घनत्व जांच, निःशुल्क मधुमेह रक्त शर्करा जांच, तथा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य, एवं असाध्य रोगों हेतु निशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ यादव समाज लायंस क्लब एवरेस्ट, पतंजलि आरोग्य केंद्र, शांतिकुंज गायत्री परिवार जैजैपुर एवं माई लाइफ माई स्टाइल ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि आरोग्य केंद्र, नरेश मेडिकल डिस्ट्रिब्यूटर एचडीएफसी बैंक के पास मेन रोड जैजैपुर में बुधवार को किया गया। सभी प्रकार के सामान्य कष्टसाध्य, असाध्य रोगों से पीड़ति स्त्री पुरुष एवं बच्चों सहित 153 रोगी हुए लाभान्वित। शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित अनुभवी छत्तीसगढ़ प्रांत की ख्यातिलब्ध चिकित्सिका नाड़ीवैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा एवं पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आजीवन सदस्य नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने अपनी चिकित्सकीय सेवायें दी। शिविर में 108 लोगों की बीएमडी जांच बालेश्वर रात्रे ने की।

## महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय में आनंद मेला, छात्राओं की प्रतिभा ने जीता सबका दिल

**चांपा।** महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उमावि चांपा में शनिवार 22 नवम्बर को आनंद मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं की रचनात्मकता और उत्साह देखते ही बन रहा था।

आनंद मेला का उद्घाटन प्राचार्य श्रीमती कृष्णा प्रधान ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश



डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में रचनात्मक कौशल, आत्मविश्वास और सहभागिता को बढ़ावा देते हैं। मेले में छात्राओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के स्वनिर्मित व्यंजन मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम को अनिल कुमार सराफ, ममता जायसवाल और पी. के. आदिले ने भी संबोधित किया। संचालन का दायित्व विनोद कुमार शर्मा और बी. पी. पटेल ने सफलतापूर्वक निभाया। शाला प्रबंधन समिति से वार्ड 10 की पार्षद श्रीमती भगवती, वार्ड 11 के पार्षद पवन साहू, सुनयना बरेठ, बबली पटेल तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक परमेश्वर स्वर्णकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संतोष देवांगन, अनिल सराफ, विनोद कुमार शर्मा, अशोक जाटवर, बलभद्र प्रसाद देवांगन, बी. पी. पटेल, शैल मरकाम, पी. के. आदिले, आरती सेन, अर्चना साहू, बबली राठौर, ममता जायसवाल, दीपक साहू, संजय देवांगन, डी. वैष्णव, सुरेन्द्र साहू, प्रेमा गरूड़, सोहन लाल और सूरज कुर्रे शामिल हुए।

## राठौर समाज के प्रादेशिक चुनाव के लिए नामांकन 12 व मतदान 14 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ प्रांतीय राठौर क्षत्रिय सभा के प्रादेशिक चुनाव अधिवेशन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक 21 नवंबर को मां दक्षिणेश्वर काली मंदिर नूतन कॉलोनी वार्ड नंबर 14 जांजगीर में संपन्न हुई, जिसमें राठौर क्षत्रिय सभा के प्रादेशिक चुनाव के लिए नामांकन प्रकिया 12 दिसंबर, नाम वापसी 13 दिसंबर एवं मतदान प्रकिया 14 दिसंबर को पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही सदस्यता फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 5 दिसंबर निर्धारित करते हुए राठौर समाज के 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों से सदस्यता ग्रहण कराने पर सहमति बनी।

मां दक्षिणेश्वर काली मंदिर नूतन कॉलोनी वार्ड नंबर 14 जांजगीर में 21 नवंबर को दोपहर 2 बजे से छत्तीसगढ़ प्रांतीय राठौर क्षत्रिय सभा के प्रादेशिक चुनाव अधिवेशन के संबंध में आयोजित बैठक की शुरुआत मां काली की पूजा-अर्चना के साथ हुई। बैठक की शुरुआत में छत्तीसगढ़ प्रांतीय राठौर क्षत्रिय सभा के प्रदेश अध्यक्ष सनत राठौर ने प्रादेशिक चुनाव अधिवेशन के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गोवर्धन प्रसाद राठौर में जानकारी देते हुए बताया कि 12 दिसंबर को अभ्यर्थियों से नामांकन फार्म जमा कराया जाएगा, वहीं 13 दिसंबर को नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न होगी जबकि, 14 दिसंबर को प्रादेशिक चुनाव अधिवेशन की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी। प्रादेशिक चुनाव अधिवेशन



के लिए राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर चौक जांजगीर स्थित नवनिर्मित ऑडिटोरियम को निर्धारित किया गया है, जहां पर सुबह 9:30 बजे से प्रादेशिक चुनाव अधिवेशन की प्रक्रिया 14 दिसंबर को प्रारंभ होगी। इस दौरान संरक्षक डॉ. केपी राठौर, प्रदेश अध्यक्ष सनत राठौर, कोषाध्यक्ष राम सागर राठौर, महामंत्री प्रशांत सिंह राठौर, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री बृजलाल सिंह राठौर, कोरबा जिला अध्यक्ष संतोष सिंह राठौर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के पूर्व अध्यक्ष जीवन सिंह राठौर, जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद राठौर, रायगढ़ जिला अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद राठौर, कृष्ण कुमार राठौर, केदार सिंह राठौर, हनुमान सिंह राठौर, अर्जुन राठौर, महेश राठौर, नवनीत सिंह राठौर, बिलासपुर जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह राठौर, हेमंत राठौर, मुरारी राठौर, लखेश्वर सिंह राठौर, सालिक राम राठौर, अरविंद राठौर, प्रीतम सिंह राठौर, हरीश राठौर, पुरुषोत्तम राठौर, राजेंद्र राठौर, नरेंद्र कुमार राठौर, रामगोपाल राठौर, मुकेश कुमार राठौर, उमेश कुमार राठौर, पवन राठौर, मनीष राठौर, भूपेंद्र सिंह राठौर, रतनलाल राठौर, मोटे लाल राठौर, हेमराज सिंह राठौर, राकेश कुमार राठौर, रामकुमार राठौर, शिव शंकर राठौर सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

## जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में आनंद मेला का आयोजन

**नवागढ।** पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय एवं राधा कृष्ण शिक्षा समिति महाविद्यालय द्वाराबाल दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ बाल आनंद मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, सामाजिक सहभागिता तथा टीमवर्क की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम की शुरुआत राधा कृष्ण शिक्षा समिति महाविद्यालय के संचालक डां. अन्नपूर्णा अग्रवाल मैंम एवं प्राचार्य डॉ . ऋत्विज तिवारी जी एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के संचालक महोदय डॉ. विनोद कुमार बंसल एवं प्राचार्य डॉ. राजेश शर्मा के द्वारा चाचा पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं सरस्वती माता व भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं सर्वधर्म प्रार्थना के साथ हुई। मुख्य अतिथि पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के संचालक डॉ . विनोद कुमार बंसल उपस्थित रहे। उन्होंने उद्बोधन में कहा कि बाल दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि बच्चे देश का भविष्य हैं उनकी रचनात्मकता, सुरक्षा और शिक्षा सर्वोपरि है। साथ ही राधा कृष्ण शिक्षा समिति महाविद्यालय के संचालक डॉ . अन्नपूर्णा अग्रवाल ने बच्चों के उत्साह, प्रतिभा एवं रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि बाल दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसके पश्चात आनंद मेला कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा स्वयं संचालित स्टॉल जैसे खाद्य स्टॉल, कला-कौशल स्टॉल, हस्तनिर्मित उत्पाद, पर्यावरण जागरूकता प्रदर्शनी आदि लगाए गए। अंत में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरण किए गए और सभी छात्र-छात्राओं व प्रतिभागियों को सांत्वना स्वरूप प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## मरार पटेल समाज के सम्मेलन में युवक युवतियों ने दिया परिचय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले मे मरार पटेल समाज का प्रदेश स्तरी सम्मेलन 19 नवंबर को सामुदायिक भवन मे सुबह 11 बजे मां शाकंभरी देवी को रथ में विराजमान कर डीजे व कर्मा पार्टी के साथ शोभा यात्रा निकली गई जो सामुदायिक भवन से हॉस्पिटल चौक होते हुए बुधवारी बाजार चौक, गुरुद्वारा, हटरी चौक, अग्रसेन चौक होते हुए सामुदायिक भवन पहुंची।

विदित हो कि सामुदायिक भवन सक्ती में मरार पटेल का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में 680 युवक युवती ने उपस्तिथि देकर मंच पर अपना अपना परिचय दिया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विशेषर सिंह पटेल अध्यक्ष गौ सेवा आयोग, अध्यक्षता शोभा राम पटेल जिला अध्यक्ष मरार पटेल समाज सक्ति विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र पटेल प्रदेश अध्यक्ष मरार पटेल समाज प्रेम लाल पटेल संरक्षक मरार पटेल समाज छत्तीसगढ़ रामकुमार पटेल पूर्व अध्यक्ष शाकंभरी बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन रामचंद्र पटेल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष देव चरण पटेल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पटेल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पटेल, प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, सुश्री पूर्णिमा पटेल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ भूपेंद्र पटेल प्रदेश महासचिव व्यास पटेल प्रदेश कोषाध्यक्ष परमानन्द पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष भगवती पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष कुंदे लाल पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष, शिव पटेल प्रदेश सचिव, मोतीलाल पटेल प्रदेश आडिटर, रायगढ़ जिला अध्यक्ष नूतन पटेल कोरबा जिला अध्यक्ष उत्तम पटेल रायपुर जिला अध्यक्ष मुन्ना लाल पटेल, प्रेम सागर पटेल, डा भागचंद पटेल, दिलेश्वर पटेल, धनेश्वरपटेल सचिव, श्याम लाल पटेल कोषाध्यक्ष , प्यारे पटेल, मौके राम पटेल सह कोषाध्यक्ष, टिकेश्वर पटेल, शक्ति चेतेश्वर पटेल, भगवती पटेल, पूजा पटेल, मानकी पटेल, रामकुमार पटेल, दयाराम पटेल, श्यामलाल जग दल्ला, रथ राम पटेल सहित पटेल समाज के लोग उपस्थित रहे।


समाज के पदाधिकारियों को सम्मानित करते अतिथि।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, ह्रदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इनफेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बाँझपन, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थायरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए
आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और
शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

**खबर संक्षेप**

## जाटा में हुआ मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन



**बहेराडीह।** समीपस्थ ग्राम जाटा स्थित भाटापारा में अखंड नवधा रामायण विगत 11 नवंबर से प्रारंभ होकर 20 नवंबर तक गांव में भक्ति भाव से संपन्न हुआ। अखंड नवधा रामायण समिति द्वारा मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन 20 नवंबर गुरुवार को रात्रि 9 बजे से रखा गया था, जिसमें भाग लेने के लिए दूर दराज से मानस मंडलिया पहुंची। सभी प्रतिभागी को उनके भक्ति भजन प्रदर्शन अनुसार चार विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रथम पुरस्कार भजन संगीत/फिल्मी संगीत/लोक संगीत/शास्त्रीय संगीत चारों विधाओं में 12001 रुपए प्रदान किया गया। इसी प्रकार द्वितीय पुरस्कार 10001 रुपए, तृतीय पुरस्कार राशि 8001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार राशि 6001 रुपए, पंचम पुरस्कार 4001 रुपए, षष्ठम पुरस्कार 2001 रुपए, सप्तम पुरस्कार 2001 रुपए विजेता मानस मंडली को दिय गया। पुरस्कार की अगली कड़ी में विभिन्न वाद्य यंत्रों के गायन भजन वक्ताओं को जैसे बेस्ट तबला वादक को , बेस्ट बैंजो वादक, बेस्ट बांसुरी वादक, बेस्ट टीकाकार, बेस्ट श्रोता सभी को विभिन्न दान दाताओं के द्वारा प्रोत्साहित किया गया जिसमें अखंड नवधा रामायण समिति के अध्यक्ष चमरा राम कर्ष, सचिव कांशी राम बंजारे, शांतिलाल राठौर, यजमान मणि शंकर यादव सह दंपति, आचार्य चंद्रिका चौबे, सोहन पांडे, राजा चौबे, मयंक चौबे, लक्की पांडे, राजेंद्र पांडे, समिति के सदस्य रामखिलावन यादव, लक्ष्मीकांत यादव, गोरे लाल राठौर, मोहन मरकाम, धनेश्वर मरकाम, जगदीश यादव, संतोष यादव, मारुतिलाल गवेल, जोहान मरकाम, नरेश राठौर कृष्ण मुरारी, रामलखन यादव, फूल साय यादव, रामसिंह, एवं भोजननालाय के सभी भंडारी भाई एवं कीर्तन मंडली के सभी युवा सदस्य एवं रात्रिकालीन में सेवा देने वाले सभी जागरण युवा साथी एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से भगवान श्री राम चंद्र का कथा श्रवण करने का सौभाग्य अवसर मिला।

## मोदी विचार मंच सरगुजा संभाग के प्रभारी बने यादव



**सक्ती।** नरेंद्र मोदी विचार मंच छत्तीसगढ़ संगठन महामंत्री रजनीश दुबे की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ डॉ नीरज पाण्डेय ने 22 नबंबर को राम नरेश यादव प्रदेश सचिव को सरगुजा संभाग का प्रभारी नियुक्त किया है। नरेंद्र मोदी विचार मंच संगठन का विस्तार करने, मोदी जी की योजना के बारे में आम नागरिको को बताने एवं सरगुजा संभाग के सभी जिलों में नरेंद्र मोदी विचार मंच का विस्तार करने की जवाबदारी दी गई है।

## भागवत कथा श्रवण करने पोता पहुंची सांसद कमलेश जांगड़े



**मालखरौदा।** ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पोता में सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े , श्रीमती संयोगिता युद्ध वीर सिंह जूदेव, मालखरौदा जनपद अध्यक्ष कवि वर्मा भागवत कथा श्रवण करने पहुंचे जहां उन्होंने व्यासपीठ की पूजा अर्चना कर कथा व्यास मनोज शर्मा का शाल श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े संयोगिता सिंह ने कहा भागवत कथा ही एक ऐसी कथा है जो मानव को भवसागर से पार करती है और मनुष्य को बार-बार जहां-जहां भी भागवत कथा होती है वहां कथा श्रवण करना चाहिए। जिस प्रकार से हम नदी नाले को तैर कर पार होते हैं इस तरह से भागवत रूपी भवसागर से पार होकर हमें बैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है। इस कलयुग में सबसे सरल एवं मोक्ष प्रदान करने वाली अगर कोई कथा है तो वह भागवत कथा। भागवत कथा के छठवें दिन व्यास पीठ से पंडित मनोज शर्मा ने भागवत प्रेमियों को कथा श्रवण कराते हुए श्रीकृष्ण लीला कंस वध, रासलीला और श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह के प्रसंग सुनाया। भागवत कथा श्रवण करने प्रतिदिन दूर दराज सहित आसपास से सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष व ग्रामीण पहुंच रहे हैं

**निधन**

## रामनाथ कौशिक



**अकलतरा।** डीडी उपाध्याय नगर हाऊसिंग बोर्ड कालोनी रायपुर निवासी रामनाथ कौशिक का शनिवार 22 नवंबर को निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। स्व. श्री कौशिक छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल में लाइन सुपरवाइजर के पद पर सेवा देते हुए रिटायर हुए थे। वे अपने पीछे धर्मपत्नी श्रीमती भगवती कौशिक सहित भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार 23 नवंबर को महादेव घाट स्थित श्मशान घाट में सुबह 11 बजे होगा।

रविवार शाम तक हर हाल में कमियों को दूर कर संबंधित अधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित करने दिए निर्देश

# धान खरीदी केंद्र सोंठी एवं झर्रा का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्था में कमी पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धान खरीदी केंद्र सोंठी एवं झर्रा का कलेक्टर ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्था पायी कमी पर खरीदी सीसीबी नोडल एवं खरीदी केन्द्र प्रभारी के प्रति नाराजगी जताते हुए कमियों को एक दिन में दूर करने के निर्देश दिए।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी को सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने शनिवार 22 नवंबर को जिले के सोंठी एवं झर्रा धान खरीदी केंद्र का अचानक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री महोबे ने निरीक्षण के दौरान केन्द्र में पायी कमियों को देखते हुए खरीदी सीसीबी नोडल एवं खरीदी केंद्र प्रभारी को पर नाराजगी जतायी। उन्होंने जो व्यवस्थाएं अधूरी हैं उन्हें रविवार शाम तक हर हाल में दूर करके संबंधित अधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र में रैंडम बारदाना निकलवाकर जांच की। कलेक्टर ने सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि किसानों को बारदाने की समस्या न हो साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सभी केन्द्रों में बारदाना की उचित व्यवस्था हों। कलेक्टर ने किसानों के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, बैठने की सुविधा, छाया और शेड, शौचालय, टोकन वितरण व सत्यापन व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और केंद्र पर आने वाला हर किसान सम्मान और सरल प्रक्रिया के साथ धान खरीदी पूरा करे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री महोबे ने केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, रिकॉर्ड संधारण, तौल व्यवस्था और स्टॉक मैनेजमेंट की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि खरीदी व्यवस्था में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रशासन पूरी पारदर्शिता के साथ खरीदी प्रक्रिया संपन्न कराएगा। इस अवसर पर सीसीबी नोडल अमित साहू सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



निरीक्षण के दौरान मशीन की जांच करते कलेक्टर जनमेजय महोबे।

### कलेक्टर पहुंचे प्रगतिशील किसान छबी राम के खेत

कलेक्टर जन्मेजय महोबे किसानों को अधिक लाभदायक फसलों की ओर अग्रसर करने लगातार प्रेरित कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को कलेक्टर बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम करनौद के प्रगतिशील किसान छबि राम डडसेना के फार्म पहुंचे, जो आम के साथ-साथ विभिन्न बागवानी फसलों की खेती कर 2-3 गुना अधिक आय अर्जित कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसान छबि राम से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बागवानी फसलों से होने वाले लाभ, उत्पादन लागत, बाजार उपलब्धता और शासन की योजनाओं के तहत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने किसान की मेहनत, नवाचार और खेती के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण की प्रशंसा की। किसान छबि राम ने बताया कि आम के साथ मूंगफली, करेला सहित विभिन्न बागवनी फसलों से उन्हें धान की तुलना में तीन गुना अधिक तक लाभ प्राप्त हो रहा है। साथ ही शासन की योजनाओं और सब्सिडियों का लाभ भी उन्हें निरंतर मिल रहा है, जिससे खेती का विस्तार और तकनीक अपनाने में बड़ी सहायता मिली है। कलेक्टर श्री महोबे ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सफल मॉडलों को अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाया जाए। उन्होंने 100 किसानों का चयन कर फील्ड विजिट कराने निर्देश दिए।





## प्राचार्य सहित सभी स्टॉफ निर्धारित समय पर पहुंचें स्कूल : उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- डीपीआई उपसंचालक ने ली जिला स्तरीय मॉनिटरिंग एवं समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत विद्यालयों के सुचारु रूप से संचालन एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए उपसंचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर हेमंत उपाध्याय ने जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, हाईस्कूल/ हायर सेकंडरी के प्राचार्यो, विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों एवं संकुल समन्वयकों की बैठक कृष्णा मेट्रो जिंदल प्लाजा सक्ती में ली।

उपसंचालक ने जिला स्तरीय एकीकृत परीक्षा, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने हेतु प्रभावी टिप्स दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों में बालक देवो भवः स्लोगन लिखकर उसके अनुरूप कार्य करना है। प्रत्येक विद्यालय को लक्ष्य निर्धारित करना है कि मेरा विद्यालय श्रेष्ठ विद्यालय एवं श्रेष्ठ विद्यालय बनाने के लिए समय निर्धारण, प्रभावी शिक्षण, तथा नियमित मॉनिटरिंग करना आवश्यक है। प्राचार्य सहित सभी स्टॉफ एवं विद्यार्थियों को निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित होना है शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए एक बेहतर कार्य योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन करना है। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कुमुदिनी वाघ द्विवेदी ने सभी प्राचार्यो एवं उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उपसंचालक द्वारा दिए गए निर्देशों का जिले में पालन किया जाना सुनिश्चित करें। डीईओ एवं कार्यालय स्टॉफ ने उपसंचालक को स्मृति चिन्ह भेंट किया।



## 162 छात्र-छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 23 में पाई गई कमजोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- धीरेंद्र कुमार सिंह प्राथमिक शाला में स्वास्थ्य परीक्षण आयोजित

एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित धीरेन्द्र कुमार सिंह प्राथमिक शाला के 162 छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण व आरती से किया गया। समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. स्वप्निल दुबे, चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधुलिका श्रीवास्तव, दंत चिकित्सक डॉ. निधि श्रीवास्तव, दंत सहायक अनिता ओग्रे, आर. के यादव नेत्र चिकित्सा अधिकारी, डी आर भारते नेत्र सहायक अधिकारी, अनिता ज्योति एम एल टी, गिरजा बंजारे ए एन एम व टीम के द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया। परीक्षण मे 23 बच्चों को शारीरिक कमजोरी, दांत व नेत्र सम्बन्धी समस्या बतायी गयी। इस दौरान ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, रवि वर्मा प्रधान पाठक व समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए रैली निकालकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- समस्या होने पर शिविर स्थलों पर जाकर बूथ लेवल अधिकारियों से संपर्क कर अपनी समस्याओं का कर सकते हैं समाधान

राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारी ,कर्मचारियों के द्वारा शुक्रवार को दोपहर 1 बजे जनपद पंचायत कार्यालय से रेलवे स्टेशन तक रैली निकालकर विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए नगर वासियों को जागरूक किया गया।

रैली के दौरान नगर वासियों को संबोधित करते हुए एसडीएम सुमित बघेल ने कहा कि सभी पात्र नागरिक निर्धारित तिथि व स्थल पर पहुंचकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन अवश्य कराएं, ताकि आगामी चुनाव में किसी का नाम छूट न पाए। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाई जा रही है। मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर शिविर स्थलों पर सुबह 9 से शाम 5 बजे तक जाकर बूथ लेवल अधिकारियों से संपर्क कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। शिविर के लिए जारी सूची के अनुसार दुर्गा मंदिर पोड़ीभाटा, पालीलाल स्मृति भवन संजय नगर, रेस्ट हाउस, मिनीमाता मंगल भवन, रहसबेड़ा सामुदायिक भवन, अध्यारी पारा, कन्या शाला परिसर, सामुदायिक भवन, गोविंदगंज स्कूल, महाकाली मंदिर सहित कुल 18 स्थानों पर लगाए जाएंगे। शिविर में नगर के 18 बी.एल.ओ. को जिम्मेदारी सौंपी गई है तथा प्रत्येक भाग के लिए अलग-अलग शिविर स्थल निर्धारित किए गए हैं। शिविरों में पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन सहित आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके साथ ही युवाओं को नए मतदाता पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जागरूकता रैली में एसडीएम सुमित बघेल, तहसीलदार शशि भूषण सोनी , श्रीमती शालिनी तिवारी, नायब तहसीलदार राजीव सिंह कंवर , मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह ,आर आई जितेन्द्र सिंह ,पटवारी पीएल कुंभकार ,नगर पालिका कर्मचारी सचिन सिंह बैस, श्रीमती रजनी चंदवानी,भीम बंजारे ,अमन खान नकुल बंजारे एवं राजस्व, नगर पालिका व पुलिस विभाग के कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



नगरवासियों को संबोधित करते अधिकारी।

### विश्व बाल दिवस के अवसर पर आनंद मेले का आयोजन

**अकलतरा।** विश्व बाल दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अमोरा में आनंद मेला का आयोजन सरपंच श्रीमती सुधा सिंह , उपसरपंच रुपेश कुमार निर्मलकर, पंच श्रीमती अर्चना गोस्वामी एवं विद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष रामलाल साहू के आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि विश्व बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा और उनके संपूर्ण विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि हर बच्चे को सुरक्षित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पोषण और प्यार भरा पालन-पोषण मिलना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व स्काउट गाइड के सहयोग से आधार कार्ड अपडेटेशन का कार्य विकासखंड से आए कर्मचारियों द्वारा किया गया । आंनद मेला उत्सव में विद्यार्थियों के द्वारा चाट , गुपचुप, आलू चाप , कचौड़ी , मोमोज , चना - चटपटी, समोसा के स्टॉल लगाए गए थे। अतिथियों एवं ग्राम वासियों के द्वारा आनंद मेला उत्सव का भरपूर लुत्फ उठाया गया । कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य आशीष मिश्रा,व्याख्याता श्रीमती वंदना पांडेय , आशा शर्मा , नवल किशोर पांडेय , गायत्री कुर्रे , पूरबल देवांगन , मीना रॉय , ललिता साहू , सुलेखा आदिले, कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार यादव, ग्राम वासी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## सीजीपीएससी में 61वीं रैंक लाकर बुनकर का बेटा बना जीएसटी इंस्पेक्टर

**चांपा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) की परीक्षा में चांपा के युवा नरेन्द्र देवांगन ने उत्कृष्ट सफलता हासिल करते हुए राज्य कर निरीक्षक (जीएसटी इंस्पेक्टर) पद पर चयन प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र सहित देवांगन समाज में खुशी का माहौल है। नरेन्द्र देवांगन पिता लक्ष्मीनंदन देवांगन उम्र 25 वर्ष निवासी पानी टंकी रोड बांधवा तालाब के किनारे नया पारा वार्ड क्रमांक 01 चांपा हैं। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में पूरे प्रदेश में 61वां स्थान प्राप्त कर यह सफलता हासिल की है। इससे पहले सीजीपीएससी 2023 में अपने प्रथम प्रयास में उन्होंने 105वीं रैंक हासिल कर सहायक विस्तार अधिकारी एईओ) पद पर चयन पाया था। लगातार दो बार मिली सफलता ने उनकी मेहनत, दृढ़ संकल्प और लगन को साबित किया है। अपनी उपलब्धि से नरेन्द्र देवांगन ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे देवांगन समाज और शहर चांपा का नाम रोशन किया है। परिवारजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



नरेन्द्र देवांगन

## सुरक्षा की दृष्टि से सभी सराफा दुकानों में लगवाएं सीसीटीवी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

- क्षेत्र में हो रही वारदात व घटनाओं को देखते हुए थाना प्रभारी ने ली बैठक

पुलिस थाना बिर्रा के प्रभारी एवं निरीक्षक जयकुमार साहू ने बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ज्वेलर्स दुकानदारों का साईं ज्वेलर्स बिर्रा में 21 नवंबर शुक्रवार को बैठक लेकर समझाइश दिए । थाना प्रभारी निरीक्षक जयकुमार साहू ने ज्वेलर्स दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में हो रही वारदातों और घटनाओं से हमें सावधानी बरतने की जरूरत है, इसलिए आज ज्वेलर्स दुकानदारों की आवश्यक बैठक रखा गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक जय कुमार साहू ने सभी ज्वेलर्स दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक ज्वेलर्स दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगाना एवं दुकान के अंदर और बाहर सड़क तरफ कैमरा का कवरेज रखना चाहिए । सीसीटीवी कैमरे का 24 घंटा मोबाइल के साथ कनेक्ट रखना होगा ,ताकि सीसीटीवी कैमरा को मोबाइल के माध्यम से रात्रि में अपने घर बैठे एवं सोते हुए समय समय पर आप सभी को देखना अनिवार्य है। ज्वेलर्स दुकान में सीट की चादर से जो छत बनी है उसके स्थान पर लेंटर युक्त पक्का छत बनवाना चाहिए। प्रत्येक दुकानदारों को अपने दरवाजा पर बजने वाला बजर मशीन कनेक्टर लगाना है। कोई भी प्रकार की महंगी धातु या आभूषण को रात्रि में ना रखें एवं नगद राशि गल्ले में ना छोड़े। अपने दुकान के प्रत्येक कर्मचारी का आधार कार्ड एवं थाना से चरित्र जांच अवश्य कराना चाहिए। कोई भी अनजान व्यक्ति दुकान के अंदर बाहर बार-बार आता है व चक्कर काटता है तो उसे नजर रखते हुए थाना को सूचित करें। रात्रि में सभी ज्वेलर्स दुकानदार एक चौकीदार रखें, जो आसपास के दुकानों में नजर रख सके। बिना नंबर के गाड़ी या बाहर में कोई हेलमेट वाला सहायक के साथ यदि कोई ज्वेलर्स दुकान आता है तो सतर्क रहें। किसी भी प्रकार का यदि ग्राहक संदिग्ध गतिविधि करता है तो तत्काल थाना को सूचित करें। इस अवसर पर अमृतलाल साहू, कुंजीलाल देवांगन के अलावा आसपास के ज्वेलर्स दुकानदार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



ज्वेलर्स संचालक की बैठक लेते थाना प्रभारी।

मठ मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सुनने दूर-दूर से पहुंच रहे श्रद्धालु

## गौ माता के शरीर में संसार के सभी देवी देवताओं का होता है वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

प्रत्येक व्यक्ति को गौ सेवा अवश्य करनी चाहिए। जहां पर गौ माता सुखी होती है वहां की सारी प्रजा सुखी एवं संपन्न हो जाते हैं। गौ माता के शरीर में संसार के समस्त देवी देवताओं का वास होता है। एक गौ माता की सेवा से संसार के सभी देवी- देवता प्रसन्न हो जाते हैं।

यह बातें अवधपुरी धाम उत्तर प्रदेश से पधारे हुए अनंत श्री विभूषित स्वामी मधुसूदनाचार्य वेदांताचार्य महाराज ने श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए अभिव्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कितना भी बड़ा महल बना लो यदि गृहणी नहीं है तो वह घर नहीं हो सकता। तीर्थ में किया हुआ पाप बज्र के समान होता है, तीर्थ में जाकर कभी भी पाप मत करना। राम जन्मभूमि, कृष्ण जन्म भूमि, शबरी जन्मभूमि के रज के कण-कण का महत्व है। यहां पर जाओ तो पुण्य कमा करके जाओ। माता यशोदा, भगवान कृष्ण चंद्र जी को सुलाने के लिए भगवान राम की कहानी सुनाती हैं और कहती हैं की पंचवटी में सीता का हरण रावण ने कर लिया। इतना सुनते ही कृष्ण जी आवेश में आकर बोलते हैं सौमित्र मेरा सारंग धनुष लाओ मैं रावण को एक ही बाण में मार कर नष्ट कर दूंगा, उन्हें अपने अगले जन्म की बातें याद आ गई। जो राम है वही कृष्ण हैं और जो कृष्ण है वही राम जी हैं। उन्होंने कहा प्रत्येक तीर्थ यात्रियों को शिवरीनारायण की यात्रा अवश्य करनी चाहिए यहां विलक्षण कृष्णवट वृक्ष है, जिसके पत्ते दोने के आकार के हैं ऐसा विलक्षण वृक्ष विश्व के किसी तीर्थ में नहीं है। तीर्थ को संत ही पवित्र करते हैं यहां तो बंदिनीय संत विद्यमान है। शनिवार को भागवत कथा श्रवण करने लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। श्रोताओं की संख्या इतनी अधिक थी की मठ का पूरा परिसर खचाखच भरा था।



ब्यासपीठ पर विराजमान मधुसूदनाचार्य एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास

**श्री सीताराम विवाह महोत्सव की धूम-** जैसे-जैसे श्री सीताराम विवाह महोत्सव की तिथि नजदीक आते जा रही है शिवरीनारायण में चारों ओर विवाह महोत्सव की धूम मची हुई है।



